सत्यमेव जयते

**राजस्थान राजपत्र**
**विशेषांक**

**साधिकार प्रकाशित**

**RAJASTHAN GAZETTE**
**Extraordinary**

**Published by Authority**

आश्विन 15, शनिवार, *शाके* 1945-अक्टूबर 07, 2023
*Asvina 15, Saturday , Saka 1945- October 07, 2023*

**भाग-1(ख)**

**महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।**

**राजस्व (ग्रुप-1) विभाग**

अधिसूचना

**जयपुर, अक्टूबर 06, 2023**

**संख्या प.9(18)राज-1/2022** :-राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 (1956 का अधिनियम संख्या-15) की धारा 15 एवं 16 के प्रावधानों में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा इस संबंध में जारी पूर्व अधिसूचनाओं के आंशिक संशोधन करते हुए राज्य सरकार एतद्द्वारा जिला बाडमेर की तहसील गडरा रोड एवं उपतहसील हरसानी का पुनर्गठन करते हुए पटवार मण्डल राणासर को भू-निरीक्षक अभिलेख वृत्त गडरारोड में शामिल करती है।

पटवार मण्डल चेतरोडी के राजस्व ग्राम रावतसर, मेहराणियों की बस्ती, भाखरपुरा, सालमसिंह की बस्ती, लाम्बाडा, मेदूसर को पटवार मण्डल खानियानी तहसील गडरारोड में सम्मिलित करती है।

पटवार मण्डल खबडाला के राजस्व ग्राम दाना, ढगारी, सिरगुवाला, मठाराणी मेघवाल, इन्द्रपुरा को पटवार मण्डल बीजावल तहसील गडरारोड में सम्मिलित करती है।

पटवार मण्डल गिराब के राजस्व ग्राम रतरेडी खुर्द, जीणे की बस्ती, गुजरी व पटवार मण्डल बन्धडा के राजस्व ग्राम डामड, कमाल की बस्ती, केलनली, रतरेडी कला, रूपागर, केलनली कला को पटवार मण्डल खलीफे की बावडी तहसील गडरारोड में सम्मिलित करती है।

शेष क्षेत्र पूर्व अधिसूचना अनुसार यथावत रहेगा।

बाल मुकुन्द असावा,
**संयुक्त शासन सचिव।**

**4909**

**राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।**